>

Title: Need to construct small dams to prevent flood caused by Ghaghra and Sharda rivers in Sitapur district, Uttar Pradesh.

श्री अशोक कुमार रावत (मिसरिख): उत्तर प्रदेश राज्य के जनपद लखीमपुर में बनबसा में बांध बना हुआ है। नेपाल से आने वाली विभिन्न नदियों का पानी बाढ़ से बचाव हेतु इस बांध में एकत्र किया जाता है। लेकिन जब यह बांध पूरी तरह से भर जाता है, तब इसके पानी को एक साथ छोड़ दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप सीतापुर जनपद में घाघरा नदी व शारदा केनाल पूरी तरह तबाही मचा देती है। जनपद सीतापुर के कृषकों की फसल बनबसा बांध से छोड़े गए पानी से पूरी तरह बेकार हो जाती है तथा घाघरा नदी व शारदा केनाल का पानी खेतों में भर जाता है और आसपास में पानी से सीपेज भी आ जाती है।

जनपद सीतापुर के कृषक अत्यधिक निर्धन है और उनका जीवन-निर्वाह खेती पर ही निर्भर है। बाढ़ के दिनों में बनबसा बांध से एक साथ भारी मात्रा में पानी छोड़ने के कारण उनकी फसल डूब जाने से उनकी स्थिति अत्यधिक दयनीय हो जाती है और उनकी जीविका का एक मात्र सहारा समाप्त हो जाता है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह जनपद सीतापुर के कृषकों को बाढ़ से बचाने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए आवश्यकतानुसार छोट-छोटे बांध के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें, जिससे किसानों को होने वाली क्षति को रोका जा सके।